कार्यालय जिला परिषद, बेगूसराय

आम सूचना

ज्ञापांक–...../जि0प0, दिनांक–.....

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, बेगूसराय अंतर्गत कचहरी रोड स्थित भाग A द्वितीय तल पर क्षेत्रफल के आधार पर भवनों का आवंटन हेतु दिनांक–04.06.2015 से दिनांक– 11.06.2015 तक जिला परिषद कार्यालय कार्यकाल में आवेदन पत्र 1000/–रू0 जमा कर प्राप्त की जायगी एवं भवन आवंटन हेतु बैंक ड्राफ्ट सहित आवेदन दिनांक– 14.06.2015 से दिनांक– 17.06.2015 के अपराह्न 05:00 बजे तक जिला परिषद, बेगूसराय कार्यालय कार्यकाल में जमा किया जायगा। भवनों का आवंटन दिनांक– 18.06.2015 को 12:30 बजे अपराह्न से खुले डाक द्वारा जिला परिषद कार्यालय, बेगूसराय में की जायगी। त्रुटिपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। बिक्री किया गया आवेदन वापस नहीं किया जायगा। भवन आवंटन से संबंधित शर्त्त एवं नक्शा संबंधी जानकारी कार्यालय कार्यकाल में श्री दयासागर शास्त्री, सहायक, से प्राप्त किया जा सकता है। सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान यदि भवन का कुल क्षेत्रफल लेना चाहेंगे तो उन्हें प्राथमिकता दी जायगी। इससे संबंधित जानकारी हेतु बेगूसराय जिला के वेबसाईट Begusarai.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। किसी भी डाक को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।

ह0–

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, बेगूसराय।

ज्ञापांक–416../जि0प0, दिनांक–01/06/15

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, एन0आई0सी0, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

01/6/15

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, बेगूसराय।